
# प्राइमरी अमीबिक मेनिन्गोएन्सेफलाइटिस (PAM)

### *चर्चा में क्यों ?*

- हाल के दिनों में (2025) में केरल राज्य में ***प्राइमरी अमीबिक मेनिन्गोएन्सेफलाइटिस*** *(PAM)* के मामलों में अचानक वृद्धि देखी गई। ज़्यादातर मामले *कोझिकोड, मलप्पुरम, वायनाड और तिरुवनंतपुरम* जिलों से सामने आए। पिछले कुछ सालों में इस बीमारी के मामले और मौतें (खासकर बच्चों में) लगातार बढ़ रही हैं।




### *प्राइमरी अमीबिक मेनिन्गोएन्सेफलाइटिस क्या है?*

- **परिभाषा:** यह एक बहुत ही *दुर्लभ लेकिन घातक* बीमारी है, जो *केंद्रीय तंत्रिका तंत्र* को प्रभावित करती है। इसकी *मृत्यु दर 95% से भी अधिक* है।
- **कारण:** यह बीमारी एक *फ्री-लिविंग अमीबा* यानी ***Naegleria fowleri*** के कारण होती है। इसे आमतौर पर "**ब्रेन-ईटिंग अमीबा**" भी कहा जाता है।

### *संक्रमण कैसे फैलता है?*

- यह बीमारी दूषित पानी के नासिका मार्ग में प्रवेश करने से फैलता है।
- जब **संक्रमित पानी नाक के ज़रिए शरीर में प्रवेश करता है**, तो यह *olfactory nerve* (घ्राण तंत्रिका) से होकर सीधे दिमाग तक पहुँचता है।
- वहाँ पहुँचकर यह दिमाग के ऊतकों को नष्ट करना शुरू कर देता है।

### *अन्य पता लगाए गए वेरिएंट :*

- *Naegleria fowleri* के अलावा हाल के मामलों में दो और प्रकार पाए गए:
  - **Sappiniapedata**
  - **Vermamoebavermiformis**

### *हाल के दिनों में अमीबा में तीव्र वृद्धि के कारण*

- **जलवायु परिवर्तन:** तापमान बढ़ने से नदियों, तालाबों और झीलों का पानी अधिक *गर्म* हो रहा है। यह स्थिति *अमीबा* के पनपने के लिए अनुकूल है।
- **गंदे जल स्रोत:** बिना उपचार किए गए कुएँ, टंकी, तालाब और नदियाँ संक्रमण के प्रमुख स्रोत बन जाते हैं।

### *संक्रमण और जोखिम कारक*

- यह बीमारी **व्यक्ति से व्यक्ति में नहीं फैलती**।
- यह केवल **नाक के रास्ते** संक्रमित पानी जाने पर फैलती है।
- **उच्च जोखिम वाली गतिविधियाँ:**
  - तैरना, नहाना, डाइविंग करना, या पानी से जुड़े खेल।
  - *नाक की सफाई* करने में बिना उबले या बिना क्लोरीन युक्त पानी का इस्तेमाल।


Result Mitra
@resultmitra resultmitra.com 9235313184, 9235440806

### *नैदानिक लक्षण*

- **प्रारंभिक चरण :**
    - तेज़ सिरदर्द, बुखार, जी मिचलाना, उल्टी।
- **आगे की अवस्था:**
    - गर्दन अकड़ना, दौरे (seizures), भ्रम (hallucinations), उलझन (confusion), बेहोशी (coma)।
- **आगे की प्रगति:**
    - यह संक्रमण बहुत *तेज़ी से दिमाग की कोशिकाएँ नष्ट* करता है।
    - आमतौर पर मरीज की **1 से 18 दिनों के भीतर मृत्यु** हो जाती है।

### *रोकथाम के उपाय*

IAS-PCS Institute

- बिना उपचार किए गए *मीठे पानी* (freshwater) में तैरने या डाइविंग करने से बचें।
- *नाक की सफाई* (जैसे नेति पॉट) के लिए केवल **उबला हुआ या जीवाणुरहित पानी** इस्तेमाल करें।
- लोगों में **जागरूकता अभियान** चलाए जाएँ ताकि सुरक्षित पानी के इस्तेमाल को बढ़ावा दिया जा सके।

**Prelims Practice Question**

**प्राइमरी अमीबिक मेनिन्गोएन्सेफलाइटिस (PAM) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. यह एक अत्यधिक घातक *मस्तिष्क संक्रमण* है, जो फ्री-लिविंग अमीबा *Naegleria fowleri* के कारण होता है, जिसे सामान्यत: **"ब्रेन-ईटिंग अमीबा"** कहा जाता है।
2. यह रोग *संक्रमित पानी पीने* या *व्यक्ति से व्यक्ति* में फैल सकता है।
3. वर्ष 2025 में केरल में इसके कई मामले सामने आए, जिनमें *कोझिकोड, मलप्पुरम, वायनाड और तिरुवनंतपुरम* जिलों में बच्चों में इसकी बढ़ती घटनाएँ देखी गईं।

**नीचे दिए गए में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

Result Mitra रिज़ल्ट का साथी
@resultmitra www.resultmitra.com 9235313184, 9235440806

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 2 और 3
(c) केवल 1 और 3
(d) 1, 2 और 3

**उत्तर:** (c) केवल 1 और 3

